प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 20.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उप–राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्दीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और जे पी नड्डा सहित एनडीए गठबंधन के नेता उपस्थित रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजिल अर्पित की। इस स्थल पर देश के प्रमुख नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं हैं। उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। कल नामांकन का अंतिम दिन है।

......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नई दिल्ली के प्रवास पर है। आज उन्होंने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से राजस्थान में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर प्रस्तावों और ऊर्जा क्षेत्रों में नई संभावनाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही मेट्रो परियोजना सहित शहरी विकास के विभिन्न कामों की प्रगति को लेकर बातचीत हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल बीकानेर हाउस में प्रदेश के सांसदों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्रदेश में गति प्रदान करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

......................

बीकानेर से दिल्ली के बीच जल्द ही वंदे भारत रेलगाड़ी चलायी जायेगी। इसके लिए केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस मंजूरी पर सरकार और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बीकानेर वासियों को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ क्षेत्रवासियों बल्कि पूरे प्रदेश में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।

......................

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विभिन्न राजनेताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प चढाये।

......................

बूंदी जिले के डाबी थाना इलाके में आज तडके एक सड़क हादसे में एक महिला सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डाबी के अस्पताल पंहुचाया गया जहां से उन्हें कोटा के मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है। डाबी के थाना अधिकारी हेमराज शर्मा ने बताया कि दुर्घटना एक कार के ट्रक से टकरा जाने से हुई। उन्होंने बताया कि कार में सवार सभी लोग मध्यप्रदेश के रहने वाले थे और नाथद्वारा में एक फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहे थे।

......................

जयपुर पुलिस की ओर से आज से महिला जागरूकता सुरक्षा सप्ताह शुरू हुआ। कॉस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में इसकी शुरूआत की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सप्ताह के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा के प्रति जागरूक, किया जायेगा। साथ ही आमजन को भी जागरूक कर महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायेंगे। अभियान की थीम ''सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी'' रखी गई है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अभियान के तहत महिला पुलिस कार्मिक वॉक एंड टॉक कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजो और औद्योगिक क्षेत्रों में भी महिलाओं को जागरूक किया जायेगा।

......................

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बीते 24 घंटों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर भारी बरसात हुई। सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बरसात बांसवाडा के लोहारिया में हुई। मौसम विभाग के अनुसार बांसवाडा के सज्जनगढ में भी 10 सेंटीमीटर पानी बरसा।
वही पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर, बाडमेर, जालोर, जोधपुर में कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई है। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित है। बाडमेर में पारा 40 डिग्री सैल्सियस पर रिकॉर्ड किया गया।

................................